हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026

04 एसपी मंडलोई के भरोसे के चलते शिकायतों में 23...



07 हायर सेकंडरी अंग्रेजी परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न





## खबर संक्षेप

### हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026: जिले में 119 केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के अंतर्गत आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिले में कुल 119 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जहां कुल 21,232 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 21,006 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 226 अनुपस्थित पाए गए। नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा शासकीय संदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसीनगर सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सहायक संचालक दल एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल शिविर आज

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देशानुसार दिनांक 11 फरवरी बुधवार को प्रातः 11 बजे से राजीव नगर वार्ड स्थित महाकवि पद्माकर सभागार (स्वास्थ्य विभाग जोन कार्यालय के पास) आयोजित किया जाएगा। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को मौके पर ही सुनकर निराकरण करने की व्यवस्था की गई है। पेयजल, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेंशन योजना,राजस्व एवं अन्य नगर निगम से संबंधित विषयों पर नागरिक सीधे अपनी बात रख सकेंगे। निगम प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में उपायुक्त, सहायक आयुक्त, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे, ताकि प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



### संभागीय आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**सागर।** सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "सेफर इंटरनेट डे 2026" के अवसर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सागर द्वारा संभागीय आईटीआई सागर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों तथा शिक्षण स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा के महत्व पूर्ण उपायों, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा डिजिटल नागरिकता के मूलभूत सिद्धांतों पर श्री डेलन प्रजापति, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड के उपयोग, संदिग्ध लिंक से बचने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि युवाओं में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को और अधिक मजबूत किया जा सके।

## ई- विकास प्रणाली और ई-टोकन व्यवस्था को प्राथमिकता से करें लागू

# संभाग कमिश्नर सुचारी की सख्त चेतावनी, अमानक खाद बीज बेचने वाले डीलरों के लाइसेंस होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने संभाग के कृषि, सहकारिता, बैंकिंग और विपणन से जुड़े विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में कमिश्नर ने खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाजार में उपलब्ध कृषि सामग्री की निरंतर सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन डीलरों के नमूने लगातार अमानक पाए जा रहे हैं, उनके विरुद्ध महज खानापूर्ति करने के बजाय सीधे लाइसेंस निरस्त करने की सख्त कार्यवाही की जाए और अमानक सामग्री की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए।

प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में सुचारी ने सहकारिता विभाग को संभाग की सभी सहकारी समितियों का शत-प्रतिशत कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था को आधुनिक और त्रुटिहीन बनाया जा सके। साथ ही कृषि विभाग के अंतर्गत ई-विकास प्रणाली और ई-टोकन व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया, जिससे किसानों को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जा सके। कमिश्नर ने आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे हैप्पीसीडर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ रीपर और बाइंडर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि किसान इन उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपनी खेती को और अधिक सुगम बना सकें।

बैठक के दौरान वित्तीय स्थिति और राजस्व वसूली को लेकर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। विशेष रूप से मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) द्वारा ऋण वसूली में लक्ष्य के विरुद्ध अत्यधिक कम प्रगति पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए शीघ्र वसूली के कड़े निर्देश दिए। इसी कड़ी में उन्होंने बीज प्रमाणीकरण की धीमी गति को देखते हुए भौतिक सत्यापन कार्य में तेजी लाने को कहा। मंडी बोर्ड की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कुछ जिलों में फसलों की आवक बढ़ने के बावजूद मंडी की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। इस विसंगति को दूर करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फसलों की आय की गहन समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त पवन जैन, उपायुक्त विनय द्विवेदी, सहकारिता, एम.पी. एग्रो बीज निगम, कृषि, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के, मंडी बोर्ड, अपेक्स बैंक और मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ के अधिकारी उपस्थित थे।



### सब्जी मंडी में रहेगा अब स्वेच्छा पूर्ण अवकाश

**सागर।** सब्जी मंडी प्रांगण तिलकगंज में आदर्श थोक फल सब्जी विक्रेता संघ सागर ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें फुटकर फल सब्जी विक्रेता यूनियन एवं हम्माल यूनियन के साथ साप्ताहिक अवकाश हेतु प्रत्येक सोमवार पुनःविचार एवं सरलीकरण हेतु सम्मिलित बैठक हुई। जिसमे संघ अध्यक्ष राजकुमार धामेचा एवं सचिव अकील अहमद ने बीते दो साप्ताहिक अवकाश के सफल होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात्य व्यापारियों से विचार लिये गये जिसमें सर्वप्रथम फल विक्रेताओं ने अपने विचार रखे और अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गर्मी का तापमान बढ़ने के कारण हमारे फल अत्याधिक मात्रा में खराब हो रहे हैं। इसलिए पुनर्विचार करके साप्ताहिक अवकाश को स्वेच्छा पूर्ण किया जाए। फुटकर विक्रेताओं के अध्यक्ष हरिराम पटेल एवं उपाध्यक्ष अकबर राईन एवं सदस्यों और हम्माल यूनियन ने भी एक स्वर में प्रत्येक सोमवार को स्वेच्छापूर्ण बंद रखने की सहमति दी। अंतिम निर्णय देते हुए संघ अध्यक्ष राजकुमार धामेचा ने बताया कि जो भी व्यापारी फुटकर, थोक एवं हम्माल प्रत्येक सोमवार को अपना अवकाश रख सकते हैं संघ की बाध्यता समाप्त की जाती है।

### निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह आयुक्त राजकुमार खत्री ने राधा तिराहा क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निगमायुक्त ने राधा तिराहे के दुकानदारों से संवाद करते हुए स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि "मेरा चौराहा मेरी शान" केवल एक नारा नहीं, बल्कि शहर की पहचान और नागरिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। यदि हर व्यापारी और नागरिक अपने आसपास की सफाई का ध्यान रखे, तो पूरा शहर स्वतः स्वच्छ और आकर्षक बन सकता है।इस अवसर पर राधा तिराहे के सभी दुकानदारों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली। उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने चौराहे को साफ रखेंगे, किसी को गंदगी फैलाने नहीं देंगे तथा अपने ग्राहकों और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

## सीवरेज कार्य में टूटी पाइपलाइन, 50 घरों में पानी बंद, खुरई में काम की लापरवाही से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में गुरुद्वारे के पीछे सीवरेज कार्य के दौरान पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस कारण सोमवार को एक गली के लगभग 50 घरों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। रविवार को इसी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में गंदा पानी आने की शिकायतें मिली थीं। वार्डवासियों को आशंका थी कि पाइपलाइन का कनेक्शन नाली के पानी से हो गया है। शिकायत के बाद नगर पालिका की जल प्रदाय टीम मौके पर पहुंची।

### पाइपलाइन क्षतिग्रस्त से पेयजल आपूर्ति बाधित

जांच में पता चला कि सीवरेज कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके चलते सोमवार को प्रभावित गली में पानी की सप्लाई रोक दी गई। सहायक यंत्री अविनाश रावत, उपयंत्री शैलेंद्र सिंह और जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभारी रामगोपाल अहिरवार ने मौके का दौरा किया। उन्होंने जल आपूर्ति पाइपलाइन के सुधार कार्य को तत्काल शुरू करवाया। खुरई नगर पालिका के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि मरम्मत दल द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की लीकेज को ठीक करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि जल आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल कर वार्डवासियों को असुविधा से बचाया जा सके।

## राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र विभाग द्वारा परियोजना कार्य का प्रस्तुतीकरण तथा साक्षात्कार का आयोजन

**गढ़ाकोटा ।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा के राजनीति विज्ञान विभाग तथा समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती के मार्गदर्शन में तथा राजनीति विज्ञान के शिक्षक आकाश सेन, डॉ मेघा सिंह एवं समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक बृजेंद्र सिंह दांगी तथा सुश्री रजनी चौदहा के निर्देशन में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा के विद्यार्थियों द्वारासेमिनार के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया साथ ही साक्षात्कार भी दिया गया। समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक भारतीय शिक्षा प्रणाली, सामाजिक अनुसंधान, प्रमुख भारतीय शिक्षा केंद्र, समाज में पर्यावरण प्रदूषण की समस्याएं आदि विषयों पर प्रस्तुतीकरण तथा साक्षात्कार दिया गया। वहीं दूसरी ओर राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा मौलिक अधिकार एवं नीति निर्देशक तत्व, राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया, कौटिल्य का सप्तांग सिद्धांत, राज्य व्यवस्था प्रशासन आदि विषयों पर सेमिनार के माध्यम से परियोजना कार्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। छात्र-छात्राओं ने कुशलता पूर्वक अपने-अपने निर्धारित विषयों पर अपने विचार रखें तथा शिक्षकों ने इसी दौरान उनका साक्षात्कार लिया। प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने सभी विद्यार्थियों को प्रस्तुतीकरण तथा इंटरव्यू के माध्यम से आगे कंपटीशन में साक्षात्कार की महत्वपूर्ण भूमिका बताकर विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त किया।

## युवक की गुमशुदगी मामले में हत्या के संदेही की निशानदेही पर खुदाई में हड्डियां बरामद

# पत्नि से प्रेमप्रसंग के चलते पति की हत्या कर दफन करने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ



देवरी थाना अंतर्गत नगर के गांधी वार्ड में सन साईन स्कूल के पीछे स्थित एक लेट्रिन टैंक से पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये युवक की निशानदेही पर मानव कंकाल के अवशेष बरामद किये गये है। बरामद हड्डिया विगत 7 माह पूर्व से लापता युवक के होने की आशंका जाहिर की गई है। मामला पत्नि से प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी द्वारा उसके पति की हत्या कर शव को दफन करने की वारदात से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस द्वारा बरामद मानव अवशेषों की जांच में पुष्टि होने के बाद स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जाहिर की जा रही है।पुलिस अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 22 अगस्त को देवरी थाना में खंडेराव वार्ड निवासी तुलसी पति प्रिंस वाल्मीकी द्वारा अपने पति प्रिंस पिता राजेश वाल्मीकी 22 वर्ष की गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज कराई गई थी। रिर्पोट में बताया गया था कि उसका सागर निवासी पति उसके साथ मायके मे रहता था 20 अगस्त से लापता है उसका फोन भी बंद है। मामले में पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया था। परंतु उक्त मामले में पुलिस द्वारा खोजबीन के बाद भी गुमशुदा का कोई सुराग नही लग सका था। मामले में गुमशुदा युवक के परिजनों द्वारा गुमशुदा की पत्नि एवं उसके प्रेमी सोहेब पर शंका जाहिर की गई थी। जिसकी पुलिस द्वारा सभी ऐंगिलों से जांच की जा रही थी।

### 3 दिवसों से पुलिस को गुमराह कर रहा था संदेही

पुलिस द्वारा संदेही युवक सोहेब पिता नबाब खान निवासी गांधी वार्ड को लंबे समय से तलाश कर रही थी। विगत 3 दिन पूर्व पुलिस को उसके करेली में होने की जानकारी मिली थी, पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई थी कि वह गुजरात से लौटकर आ गया है और करेली में ऐक्सीडेंट होने के कारण चोटिल होकर इलाज कर रहा है जिसके चलते पुलिस द्वारा उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। प्रारंभिक पूछताछ में संदेही द्वारा पुलिस को लगातार गुमराह किया उसने प्रिस की हत्या कर उसके शव को दफन करने की बात स्वीकार करते हुए पुलिस से कई अलग-अलग स्थानों पर खुइाई भी कराई गई। परंतु पुलिस के हाथ कुछ भी नही लगा जिसके बाद पुलिस द्वारा की गई सख्ती के बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी के घर के समीप गांधी वार्ड में सनसाईन स्कूल के पीछे एक लेट्रिन टैंक से सिर, जांघ एवं पसलियों की हड्डिया बरामद की गई है।

### परिजनों को थी हत्या की आशंका

गुमशुदा प्रिंस वाल्मीकी के भाई यश वाल्मीकी ने बताया कि उसके छोटे भाई का विवाह 3 वर्ष पूर्व देवरी नगर के खंडेराव वार्ड निवासी राजेश वाल्मीकी की पुत्री तुलसी के साथ हुआ था। विवाह के बाद पिछले 2 वर्ष से वह अपनी पत्नि के मायके देवरी में ही निवास करता था। विगत 20 अगस्त को उसके गायब होने की खबर के बाद उसका पूरा परिवार उसकी तलाश कर रहा था। परंतु गुमशुदा की पत्नि तुलसी देवरी के गांधी वार्ड निवासी सोहेब के साथ गुजरात चली गई थी, जिसके कारण मामले की सच्चाई सामने नही आ सकी थी। परिजनों द्वारा पुलिस को गुमशुदा की हत्या करने की आशंका भी जाहिर की गई थी।

### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका

मृतक के परिजनों का आरोप है कि गुमशुदा प्रिंस की पत्नि के साथ संदेही सोहेब का प्रेम प्रसंग था, जिसके कई वीडियों भी उनके द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किये गये है, इसी के चलते सोहेब द्वारा रास्ते का कांटा मानकर उसकी हत्या कर दी गई थी। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने प्रिंस को शराब पिलाकर उसका सिर पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी थी और शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे अपने घर के पास ही दफन कर दिया था। मृतक की पत्नि फिलहाल गुजरात में बताई जा रही है।

### पुलिस एवं फोरेंसिक जांच में होगा खुलासा

पुलिस द्वारा टैंक से बरामद किये गये मानव सिर, जांघ एवं पसलियों की हड्डियों की फोरेंसिक जांच एवं डीएनए के जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जाहिर की जा रही है। प्रेम प्रसंग के चलते गुमशुदा युवक की जघन्य हत्या से जोड़कर देखे जा रहे इस मामले में अन्य व्यक्तियों की संलिप्ता पुलिस जांच में उजागर होंगे।



## परंपरा और प्रगति का संतुलन ही सेन समाज की ताकतः अविराज सिंह

**खुरई।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि सेन समाज संत शिरोमणि सेन जी महाराज के वंशजों का समाज है, जिसने सदैव भारतीय संस्कृति को आत्मसात करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सेन समाज की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि यह समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए समय के साथ आगे बढ़ रहा है। खैरा नाका फाटक, भूसा मंडी रोड, खुरई पर स्थित निर्माणाधीन सेन मंदिर एवं धर्मशाला परिसर में सेन समाज द्वारा आयोजित सत्यनारायण कथा में युवा नेता अविराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, श्रद्धालु एवं युवा वर्ग मौजूद रहा। कथा के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में अविराज सिंह ने समाज, युवाओं और राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज सेन समाज के युवा शिक्षा, तकनीक और सामाजिक दायित्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं, और इन्हीं युवाओं के प्रयासों से समाज निरंतर प्रगति कर रहा है। किसी भी समाज और राष्ट्र का भविष्य उसके युवा होते हैं, इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना चाहिए। अविराज सिंह ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ऊर्जा का सही उपयोग तभी संभव है जब हम उसे राष्ट्र और समाज के उत्थान में लगाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने फिटनेस और स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि हर युवा को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा जिम या किसी भी प्रकार की शारीरिक गतिविधि के लिए निकालना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार जन्म लेते हैं। उन्होंने समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय का सम्मान करना युवाओं का सबसे बड़ा गुण होना चाहिए। समय ही सबसे कीमती संपत्ति है, जिसका उपयोग शिक्षा प्राप्त करने, करियर ग्रोथ, परिवार और मित्रों के साथ संतुलन बनाने में होना चाहिए। जीवन में तब तक रुकना नहीं चाहिए जब तक स्वयं पर गर्व न हो जाए। अविराज सिंह ने नशे को समाज के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि युवा तभी अच्छे कहलाते हैं जब वे नशा मुक्त हों और बुरी संगति से दूर रहें। उन्होंने कहा कि हमारे देश के सभी महापुरुषों की संगति सदैव अच्छी रही है, उसी प्रकार हमें भी अच्छी संगति अपनानी चाहिए। कार्यक्रम में शम्भू सेन संरक्षक सेन समाज, संजय सेन, नीतेश सेन अध्यक्ष नगरीय, विमल सेन अध्यक्ष ग्रामीण, शोभाराम सेन रजौआ, गोपाल सेन, विनोद सेन बनहट, मुकेश सेन, सुखराम सेन, राजकुमार सेन, बेजनाथ सेन, बिहारी सेन मौहली, कमल सेन सचिव, मनीष सेन उपस्थित रहे।



### कांग्रेस के बूथ चलो-गांव चलो अभियान की हुई बैठक

**रहली।** बूथ चलो–गांव चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम छपरा में ग्राम पंचायत समिति का गठन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना एवं ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। चुनाव केवल मतदान तक सीमित नहीं होता, बल्कि जनता के सुख-दुख में भागीदारी ही संगठन की असली पहचान है। इस अवसर पर केवल संगठनात्मक ढांचे पर ही नहीं, बल्कि गांव की वास्तविक समस्याओं एवं आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय पटेरिया, जिला पंचायत सदस्य इंजी ज्योति पटेल, देवेंद्र सिंह मिंटू चौरा, मुन्ना कुर्मी, नीरज पटेल ,धनिराम कुर्मी, सलीम खान लालचंद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन सृजन, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।




### हमारा पहला लक्ष्य एक अच्छा इंसान बनना होना चाहिएः प्राचार्या सि. जान्सी

**रहली।** क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल पटना बुजुर्ग में सत्र 2025–26 बैच के कक्षा 12वी के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। छात्रों द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के अनुभवों को बताया गया तथा उन्होंने बताया कि 12वी के बाद उनका किस दिशा में जाने का लक्ष्य है। प्राचार्या सि. जान्सी ने सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किये और कहा कि तुम लोग अपनी जिंदगी में कुछ भी बन जाना किसी भी लक्ष्य को पा लेना लेकिन सबसे पहले तुम्हारा लक्ष्य एक अच्छा इंसान बनना होना चाहिए। यदि ईश्वर हमारे लिए इस योग्य बनाए तो हमारे लिए गरीब, असहाय लोगों की मदद जरूर करना चाहिए, एक दिन तुम सभी रहली विधानसभा का नाम रोशन करोगे। इस अवसर पर मैनेजर सि . सुधा, समस्त छात्र, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, मुरुम से भरे डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**सागर।** जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने हेतु कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत आज खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुरुम से भरे एक डम्पर एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। यह कार्रवाई नरयावली क्षेत्र में की गई। जब्त किए गए दोनों वाहनों को थाना नरयावली परिसर में खड़ा कराया गया है।

जाते समय अचानक मकान मालिक के आने पर मची चीख पुकार, पुलिस आई हरकत में

# स्विफ्ट डिजायर से आए चोरों ने बोला शिक्षक के घर पर धावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

मुख्यालय पर एक ऐसा चोरी का मामला सामने आया है। जिसमें चोर चार पहिया वाहन से चोरी करने पहुंचे और जिस कार से चोर सवार होकर आये थे वो एक टेक्सी परमिट वाहन दिख रहा था क्योंकि उस कार पर टैक्सी परमिट वाहन संबंधित सारे नियम अपनाकर वाहन को सुसज्जित किया हुआ पाया गया था। हालांकि चोर अपने चार पहिया वाहन समेत भागने में सफलता रहे और चोरी की वारदात भी अंजाम दे चुके। चोरी की वारदात सामने आते ही पुलिस अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन के तहत उक्त मामले का शीघ्र खुलासा करने के प्रयास में लग चुके हैं।

## जब मकान मालिक गए शादी में तब कार से आए चोर

शहर की कुंवरपुरा रोड पर मंडी के समीप स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निवासरत शिक्षक रामप्रकाश नायक बिगत 9 फ़रवरी की शाम 4 बजे अपनी पत्नी समेत जिला छतरपुर में रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। 9 फ़रवरी की देर रात ही स्विफ्ट डिजायर कार से 5 चोर शिक्षक नायक के घर पहुंचे और सब्बल से ताला तोड़कर मकान के अंदर चले गए। इस दौरान दो चोर मकान के सामने ही कार में बैठे रहे और तीन लोगों ने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान नगदी व जेबरात चोरी किए।

## कार पाई गई टैक्सी परमिट रूप में, मोहल्ले के सभी सीसीटीवी से किया चालाकी से बचाव



चोरों ने जिस कार का उपयोग चोरी की घटना में किया वो टैक्सी परमिट रूप में पाई गई। साथ ही चोरों ने आते समय और जाते समय इस बात का भी चालाकी से ध्यान रखा कि वो मोहल्ले में लगे किसी भी सीसीटीवी में पकड़े जाने या पहचाने जाने की गुंजाईश के रूप में कैद न हो पाए। इसलिए मोहल्ले के सभी सीसीटीवी खंगालने के बावजूद चोरों की कार स्पष्ट नहीं दिखाई दी। जिससे पुलिस का कार्य चुनौतीपूर्ण हो चुका है।

## चोरी करने के बाद जाने के पूर्व ही मौके पर पहुंचे मकान मालिक

ज़ब देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर जाने का प्रयास किया तभी मकान मालिक रामप्रकाश नायक अपनी पत्नी समेत ही कार से घर पर फुबच गए लेकिन घर का दरवाजा खुला देखकर हक्के बक्के रह गए। तब उन्होंने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया तब सामने ख़डी कार में दो चोरों ने कार स्टार्ट की तब शिक्षक नायक की पत्नी ने कार का दरवाजा पकड़कर कार को रोकने का प्रयास किया तो महिला को घसीटते हुए कार आगे बढ़ गई, तब चीख पुकार मची जिसे सुनकर मोहल्ले बाले बाहर निकले। लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। हालांकि एसडीओपी राहुल कटरे सहित कोतवाली थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच प्रारंभ कर दी।

# 385 वाहनों की जांच, 55 में कार्रवाई 16 हजार से अधिक का किया जुर्माना

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चल रहा विशेष वाहन जांच अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण को लेकर विशेष सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन, जागरूकता एवं जिम्मेदारी विकसित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना है। जिसके तहत जिले में 385 वाहनों की जांच की गई। जिनमे 55 मामलों में कार्रवाई की गई। और 16 हजार से अधिक का जुर्माना वसूलाकर सरकारी रूप में जमा कराया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अचानक एवं प्रभावी वाहन चेकिंग के माध्यम से उन वाहन चालकों पर कार्यवाही की जाए जो नशे की हालत में वाहन संचालन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन करते पाए जाए।

ऐसे वाहन चालकों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में दिनांक 09 फरवरी को जिले के समस्त थाना क्षेत्रों एवं यातायात शाखा द्वारा प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग पॉइंट स्थापित कर व्यापक वाहन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 385 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 55 वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 16 हजार 500 रूपये का अर्थदंड बसूल किया गया, जिससे नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों में यह स्पष्ट संदेश जाये कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना है। इस विशेष अभियान के परिणामस्वरूप प्रमुख मार्गों पर यातायात अनुशासन में सुधार देखा गया। वाहन चालकों में हेलमेट, सीट बेल्ट एवं दस्तावेज़ों को लेकर सतर्कता बढ़ी है। सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता का सकारात्मक वातावरण बना है। दुर्घटना संभावित कारणों पर प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रण संभव हुआ है। उक्त चेकिंग के दौरान यह विशेष रूप से ध्यान रखा गया है कि महिलाओं, बच्चों, अस्वस्थ व्यक्तियों एवं आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा यातायात व्यवस्था सुगम एवं नियंत्रित बनी रहे। जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए संयम एवं जिम्मेदारी का परिचय दें।

# एसपी मंडलोई के भरोसे के चलते शिकायतों में 23 प्रतिशत की कमी

जनसुनवाई पहल से थाने से मुख्यालय तक पहुंची जनता की आवाज, मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़



जिले में पुलिस प्रशासन को और अधिक मानवीय, संवेदनशील और नागरिक-मित्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में एक ऐसी पहल निरंतर आगे बढ़ रही है, जहाँ जनसुनवाई रूप में हर नागरिक की बात को ध्यान से सुना जाना पुलिस की पहली प्राथमिकता बन चुकी है। जिसके परिणामस्वरूप जनता की शिकायतों में 23 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है।

एसपी मंडलोई की प्राथमिकता के रूप में प्रारंभ की गई पहल स्वरूप जनसुनवाई के चलते जनता की छोटी-बड़ी हर परेशानी तक पहुँचना, उसे समझना और यथासंभव समाधान देना पुलिस का महत्वपूर्ण कार्य बन चुका है। इसी के चलते जिले के प्रत्येक थाना, चौकी एवं जिला मुख्यालय पर प्रत्येक मंगलवार जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का मूल भाव यही है कि कोई भी नागरिक अकेला महसूस न करे, हर समस्या को सुना और समझा जाए। दिनांक 10 फ़रवरी को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई शिविर में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से शांत, धैर्यपूर्ण और आत्मीय संवाद किया गया। इस दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना गया। जिसमें अनेक समस्याओं का तत्काल और मौके पर ही समाधान किया गया। और जिन मामलों में समय और जांच की आवश्यकता थी, उनमें निष्पक्ष व पारदर्शी कार्रवाई का भरोसा दिया गया। इसमें नागरिकों ने बिना झिझक अपनी बात रखी और इस व्यवस्था को आश्वस्त करने वाला व भरोसेमंद बताया। जनसुनवाई में महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही। हर आवेदन पर संयम, सम्मान और मानवीय दृष्टिकोण रखा जा रहा। सभी अनुभागों में एसडीओपी द्वारा सीधे संवाद किया जा रहा जिससे भरोसा और मजबूत हुआ है। थाना एवं चौकी स्तर तक जनसुनवाई पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा ताकि दूरी या असुविधा बाधा न बने।

पुलिस कार्यप्रणाली में विनम्रता, जवाबदेही और सहयोग को केंद्र में रखा गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई की इस जनोन्मुखी पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिला मुख्यालय पर प्राप्त होने वाली शिकायतों में लगभग 23 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो यह दर्शाती है कि समस्याएँ पहले ही स्तर पर सुनी और सुलझाई जा रही हैं। एसपी मंडलोई ने बताया कि टीकमगढ़ पुलिस का उद्देश्य ऐसी पुलिसिंग विकसित करना है जो विश्वास पर आधारित हो, सम्मान से जुड़ी हो, और सहयोग से आगे बढ़े। ताकि हर नागरिक निसंकोच यह कह सके कि यहाँ मेरी बात सुनी जाएगी, और समाधान का प्रयास जरूर होगा। पुलिस विभाग ने बताया कि आने वाले समय में जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविरों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी, जिससे पुलिस और नागरिकों के बीच का रिश्ता और अधिक मानवीय, भरोसेमंद और मजबूत बन सके।

# मंदिर के बाहर बुजुर्ग महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी दो युवक फरार, कैमरे में कैद

**भगवान महावीर का हवाला देकर जेवर उतरवाए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस**



वारदात के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

***खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर के बाहर दो युवकों ने एक बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर करीब पांच लाख के जेवर उतरवा लिए। यह घटना आसपास लगे कैमरों में कैद हुई।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित खरीफटक रोड पर जैन मंदिर के सामने एक बुजुर्ग महिला के साथ ठगी की वारदात सामने आई है।

बुजुर्ग महिला विमला जैन को दो अज्ञात युवकों ने जैन समाज और भगवान महावीर का हवाला देते हुए परिवार पर संकट आने की बात कहकर डराया। युवकों ने महिला से सोने-चांदी के जेवर उतारकर कुछ देर आंखें बंद करने के लिए कहा। महिला के ऐसा करते ही दोनों आरोपी जेवर लेकर मौके से फरार हो गए।

पीड़िता के अनुसार चोरी हुए जेवरों की कीमत लगभग पांच लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों की गतिविधियां कैमरे में कैद हुई हैं, जिसके आधार पर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। स्थानीय रहवासियों ने क्षेत्र में बढ़ती ठगी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने जल्द आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया है।

# बेतवा नदी को नमामि गंगे परियोजना में समुचित शामिल करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



बेतवा के संरक्षण कायाकल्प और प्रदूषण मुक्ति को लेकर सिविल सोसाइटी द्वारा प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा 'नमामि गंगे परियोजना' के अंतर्गत बेतवा नदी को शामिल किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए जिले में चल रहे सर्वे कार्य को व्यापक, पारदर्शी और जनभावनाओं के अनुरूप बनाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शहर में पीलिया नाला (अपस्ट्रीम), चोर घाट नाला, गुठान वाला नाला, गौशाला वाला नाला, कब्रिस्तान नाला तथा जतरापुरा नाला सीधे बेतवा नदी को प्रदूषित कर रहे हैं। इन नालों की रोकथाम और उपचार की समुचित व्यवस्था किए बिना नदी संरक्षण का उद्देश्य अधूरा रहेगा। साथ ही रंगई हनुमान घाट, त्रिवेणी घाट, राम घाट, बहराबाबा घाट, महल घाट, बढ़वाला घाट, मुक्तिधाम घाट, चरणतीर्थ घाट और नौलखी घाट जैसे प्रमुख आस्था स्थलों के पुनरुत्थान और सौंदर्यीकरण को भी परियोजना में शामिल करने की मांग की गई। इसलिए नागरिकों की सुझाव-सुनवाई पुनः सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना के लिए स्वीकृत राशि का पारदर्शी और प्रभावी उपयोग हो सके। सोसाइटी ने चेतावनी दी कि यदि उचित निर्देश जारी नहीं किए गए तो जिले में अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा के लिए नागरिक बाध्य हो सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान समिति के सचिव देवेंद्र सिंह राठौड़, अतुल तिवारी, नीरज चौरसिया, अजय कटारे और संजय तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अघोषित आहतों में बैठकर शराब पी रहे लोगों को पुलिस ने दबोचा, 18 लोगों का मेडिकल कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



अवैध रूप से शराब पिलाने और सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर चले विशेष अभियान में करीब 18 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज और सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा के नेतृत्व में एक संयुक्त पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने होटल दुकानों और ढाबों पर चोरी-छिपे संचालित हो रहे अवैध अहातों पर दबिश दी। साथ ही खुले स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों को भी पकड़ा।

## निराकरण के निर्देश रेटिंग सुधार पर जोर

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और संतुष्टि पूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले की रेटिंग में गिरावट न आए। लंबित मामलों से जिले की छवि प्रभावित होती है, इसलिए विभागीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जाए।

## चयनित जनजातीय ग्रामों में लगेंगे शिविर

**विदिशा।** कलेक्टर मार्गदर्शन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के चयनित जनजातीय ग्रामों में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जाति प्रमाण पत्र, आधार, राशन कार्ड, उज्ज्वला, आयुष्मान, जन-धन खाता, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**बड़ागांव धसान महोत्सव टूर्नामेंट का फाइनल के साथ हुआ समापन, अमित इलेवन विजेता**

# आने वाले समय में बड़ागांव महोत्सव का दिखेगा वृहद व भव्य रूप: राकेश गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बड़ागांव धसान





इस बार आयोजक मुकेश सेन व इनकी समस्त टीम के द्वारा बड़ागांव महोत्सव टूर्नामेंट का जो आयोजन कराया गया है। इसको इतने भव्य रूप में देखकर हमने ये फैसला किया है कि अब आने वाले समय में इस आयोजन को और ज्यादा भव्य एवं वृहद रूप में आयोजित किया जाएगा। उक्त उदबोधन पूर्व विधायक राकेश गिरी ने बड़ागांव महोत्सव टूर्नामेंट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए दिया है। इस दौरान बड़ागांव महोत्सव टूर्नामेंट के फाइनल मैच में अमित इलेवन टीम ने दमोह पटवारी टीम को हराकर जीत हासिल की। जिनको मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राकेश गिरी ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।

नगर बड़ागांव धसान में स्थानीय वार्ड नंबर 1 मिथिला खेरा स्टेडियम में 9 फरवरी को बड़ागांव महोत्सव के आठवें दिन क्रिकेट टूर्नामेंट से शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथ ने रूप में राकेश गिरी गोस्वामी पूर्व विधायक एबं रामलाल प्रजापति नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अजय वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के अंतर्गत अमित इलेविन एबं दमोह पटवारी के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए अमित इलेविन टीम ने कुल 133 रन बनाये। जिसके जवाब में मैदान में उतरी दमोह पटवारी टीम ने 10 विकेट खोकर 10 ओवर में मात्र 57 रन बनाकर आल आउट हो गई और उसे हार का सामना करना पड़ा। अमित इलेविन टीम के मैन ऑफ द मैच खिलाडी रोहित राजा ने 35 रन बनाए और 4 विकेट लिए। मैन ऑफ द सीरीज खिलाडी केतन चोहान ने सभी मैचों में कुल 89 रन बनाएं और 9 विकेट लिए। वेस्ट फील्डर तुषार पटवारी रहें। इस दौरान अपने संबोधन में पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि आने वाले अगले वर्ष में बड़ागांव महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। क्रिकेट ग्राउंड की बाउंड्री वॉल का कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण कराया जायेगा। इसके अलावा टूर्नामेंट के साथ ही महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनता खेल कूद का आनंद लेने के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी देख सकेगी। इसके अलावा हमारी माताएं व बहनो के लिये धार्मिक आयोजन भी आयोजित किये जायेगे। जिससे बड़ागांव महोत्सव को भव्य रूप मिलेगा। पूर्व विधायक राकेश गिरी ने अंत में कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ागांव महोत्सव कमेंटी का धन्यवाद एबं आभार व्यक्त करता हूं।

आयोजन कमेटी अध्यक्ष मुकेश सेन, संजय गुप्ता, सनी पठान, स्वदेश तोमर, सोहित पांडे ने बताया है कि यह बड़ागांव महोत्सव टूर्नामेंट दिनांक 30 जनवरी से 8 फरवरी तक आयोजित किया गया था। महोत्सव के अंतर्गत स्कूल स्तर पर छात्रों को लेकर कई प्रतियोगिताये आयोजित की गई थी। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण कपिल नामदेव, रानू सिंघई, अज़ीज़ खान, गगन फणींद्र, फते विश्वकर्मा, राकेश यादव, रमेश अहिरवार, मोहना अहिरवार, सहित पूर्व चेयरमैन रमेश पांडेय, पूर्व पार्षद राजेन्द्र खरें, सुनील चोरसिया, हरीश गुप्ता, सनी पठान, राघवेन्द्र सिंह, लल्लू पठान, रोहित पांडे, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, देविंद्र चोरयाल, स्वदेश तोमर, रुद्र प्रताप सिंह, संजय गुप्ता, मधू राजा, रवि पांडे, सोमाराम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, रितिक राजा, गोकुल विश्वकर्मा, अंकुश शुकला, आकाश, विकास पांडे, बिक्की राय, भूरे राय सहित सैकड़ों नगर वासी उपस्थित रहे।

विभाग ने दी सफाई अनुपयोगी था भवन, ग्रामीण बोले-बच्चों की जान से खेल रहा विभाग

# भरभराकर गिरी स्कूल की बिल्डिंग, टला बड़ा गंभीर हादसा, बाल बाल बचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड के पांडोला संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्कूल श्रीजी की गांवड़ी स्कूल भवन का एक कक्ष की बिल्डिंग उस समय भर भराकर गिर गई जब स्कूल में बच्चे अध्यनरत थे गनीमत यह रही कि जिस भवन की छत गिरी उसमें बच्चे नहीं थे अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था। इस मामले में शिक्षा विभाग की ओर से सफाई यह आ गई कि जो बिल्डिंग गिरी है उसमें क्लास नहीं लगाई जा रही है वह अनुपयोगी है जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग को बच्चों की जान की बिल्कुल परवाह नहीं है जिसके कारण मौत के रूप में सिर पर झूल रही इस बिल्डिंग को डिस्मेंटल किए बिना खड़ा रखा हुआ था। जानकारी मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और पंचनामा बनवाकर डीईओ एमएल गर्ग के माध्यम से जानकारी कलेक्टर को भिजवाई



### क्या हादसे का कर रहे थे इंतजार

शिक्षा विभाग के अनुसार जो भवन गिरा था वो जर्जर था , हादसा होने के डर से उसमें स्कूल प्रबंधन ने दो साल से ताला डाला हूआ था प्रश्न ये उठ रहा है जब बिलिडंग जर्जर थी तो उसे डिस्मेंटल क्यों नही किया गया क्या विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा था। बंद बिल्डंग अगर बिलिडंग किसी छात्र पर गिर जाती तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता क्या विभाग को किसी हादसे का इंतजार था।

प्राथमिक स्कूल श्रीजी की गांवड़ी में जिस बिल्डिंग की छत गिरी है उसे विभाग अनुपयोगी होकर जर्जर बता रहा है, लेकिन प्रश्न यह उठ रहा है कि जब बिल्डिंग अनुपयोगी थी तो उसे डिस्मेंटल क्यों नहीं किया गया जर्जर बिल्डिंग के गिरने से कोई हादसा जनहानि हो जाती तो कोन जिम्मेदार होता। भवन की छत गिरने से स्कूल में पढ़ रहे बच्चे दहशत में आ गए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस भवन की छत गिरी है वह स्कूल से सटा हुआ है और उसके गिरने से स्कूल में भूकंप की तरह झटका महसूस किया गया। बच्चों में दहशत व्याप्त हो गई छोटे बच्चे रोने चीखने लगे शिक्षकों ने उन्हें मुश्किल से समझा कर चुप कराया। भवन गिरने की आवाज से ग्रामीण भी स्कूल की ओर दौड़े चले आय बदहवास अभिभावक अपने बच्चों को तलाशते ओर उनकी कुशलक्षेम पुछते दिखे। इस दौरान अभिभावक शिक्षकों से उलझते झगड़ते देखे गए जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजने की बात करते सुनाई पड़ रहे हैं। भवन के गिरने की जानकारी हेडमास्टर बाबूलाल बिसारिया ने वरिष्ठ कार्यालय को दी। सूचना मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा मौके पर पहुंच गई और जानकारी एवं लेते हुए पंचनामा बनवाया गया।

### और भी स्कूलों की है जर्जर बिल्डिंग

श्री जी की गांवडी में जो जर्जर बिलडिंग गिरी है, वे इकलौता जर्जर स्कूल भवन नही है। जिले में और भी स्कूल ऐसे हैं जो जर्जर होकर गिरने के कगार पर हैं। ऐसे ही एक भवन को हाईस्कूल राडेप में बीते दिनों ग्रामीणों ने जनहानि के अंदेशे को देखते हुए गिरा दिया था। जिला मुख्यालय के किला रोड पर स्थित एमएम उर्दू गांधी स्कूल की 100 साल पुरानी बिल्डिंग भी गिरने के कगार पर है।

### इनका कहना

जो भवन गिरा है वो किचन शेड था, जर्जर होने के कारण हमने उसमें दो साल से ताला डाला हुआ था, भोजन स्कूल में बनवा रहे हैं,
**बाबूलाल बिसारिया**, शाला प्रभारी प्रा वि श्री जी की गांवडी

जिस भवन में बच्चे बैठकर पढ़ रहे हैं वो पूरा भवन जर्जर होकर गिरने के कगार पर है, मेने पूर्व में ही वीडियों बनाकर सोशल मिडिया पर डाला था, आज किचन शेड गिरा कल स्कूल का कोई और कक्ष भी गिर सकता है
**ब्रजेश मीणा**, ग्रामीण

जिले के 30 केंद्रों में आयोजित की गई थीं परीक्षा

# हायर सेकंडरी अंग्रेजी परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कलेक्टर ने सोईकलां परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर





जिला श्योपुर में हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2026 के अंतर्गत मंगलवार को कक्षा 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। जिले के श्योपुर, विजयपुर, वीरपुर, बडौदा, गसवानी एवं कराहल विकासखंडों में बनाए गए कुल 30 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 3824 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3773 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

श्योपुर विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर, शासकीय कन्या उमावि, शासकीय मॉडल उमावि सहित निजी विद्यालयों में परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हुई। वहीं विजयपुर विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि विजयपुर, शासकीय कन्या उमावि विजयपुर, इकलौद, बडौदा एवं वीरपुर के परीक्षा केन्द्रों पर भी व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। कराहल एवं गसवानी क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों पर भी परीक्षार्थियों की उपस्थिति अच्छी रही।

परीक्षा की पारदर्शिता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्राम सोईकलां स्थित शासकीय एकीकृत शाला परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों, उपस्थिति पत्रक, सीसीटीवी व्यवस्था एवं केन्द्राध्यक्ष से परीक्षा संचालन से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को शांत एवं निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, उड़नदस्ते एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आगे की परीक्षाएं भी इसी तरह सख्त निगरानी एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जाएंगी। कुल मिलाकर जिले में अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण, नकलमुक्त और सफल रही, जिससे शिक्षा विभाग ने राहत की सांस ली।

# एमपी ट्रांसको के 132 केवी सबस्टेशन बड़ोदा को अतिक्रमण से मिली सुरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माननीय न्यायालय श्योपुर ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी सबस्टेशन बड़ोदा (श्योपुर) के आसपास भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण एवं सबस्टेशन से सटे तालाब के अनधिकृत विस्तार पर सख्त रोक लगाते हुए अतिक्रमणकारी को तत्काल सभी गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए हैं। माननीय न्यायालय ने स्पष्ट रुप से आदेशित किया है कि किसी भी अवैधानिक कृत्य से श्योपुर जिले के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति करने वाले इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन को कोई नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

सबस्टेशन के अस्तित्व पर मंडराने लगा था खतरा

उल्लेखनीय है कि सबस्टेशन के आसपास की भूमि पर अतिक्रमण के चलते धीरे-धीरे गहरा तालाब विकसित कर लिया गया था, जिससे सबस्टेशन की फेंसिंग एवं सिविल फाउंडेशन कमजोर होने लगे थे। इस स्थिति से न केवल सबस्टेशन के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था, बल्कि शिवपुरी जिले के बड़े हिस्से में लंबे समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने की गंभीर आशंका भी उत्पन्न हो गई थी।

अतिक्रमणकारी को लगातार दी गई थी समझाइश

एमपी ट्रांसको के स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार अतिक्रमणकारियों को निर्माण कार्य रोकने के लिए समझाइश दी गई, किंतु जब खतरा अत्यधिक बढ़ गया, तब कंपनी को माननीय न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। इस संबंध में माननीय न्यायालय श्योपुर में प्रकरण दायर किया गया, जिसमें न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एमपी ट्रांसको को राहत प्रदान की।

कार्यपालन अभियंता अजीत वर्मा ने प्रस्तुत किये प्रभावी तथ्य

प्रकरण की पैरवी मे ओईसी कार्यपालन अभियंता शिवपुरी अजीत वर्मा ने तथ्यों एवं तकनीकी जोखिमों को प्रभावी ढंग से माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। माननीय न्यायालय के इस निर्णय से न केवल सबस्टेशन की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि क्षेत्र में संभावित बड़े विद्युत व्यवधान को भी समय रहते टाल दिया गया है।

# पदयात्रा पर निकला विधायक समर्थक, ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विधायक समर्थक मोहम्मद गुलफाम खान कराहल मुख्यालय से अजमेर स्थित प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह पर चादरपोशी के लिए मंगलवार को पैदल रवाना हुआ। गांव में मेल मुलाकात करते हुए निकले गुलफाम का ग्रामीणों ने जगह जगह माला पहनाकर स्वागत किया। गुलफाम ने मन्नत मांगी थी की अगर मुकेश मल्होत्रा विजयपुर उप चुनाव में विजई होते हैं तो वह कराहल से पैदल अजमेर पहुंचकर दरगाह पर चादरपोशी करेंगे।

विधायक मुकेश मल्होत्रा के साथ कराहल स्थित हजरत नेमतुल्लाह वली साहब की दरगाह पर पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने पहले तो दरगाह पर फातिहा पड़ी इसके बाद गुलफाम को माला पहनाकर अजमेर के लिए रवाना किया। रास्ते में गुलफाम का जगह-जगह स्वागत माला पहनकर किया गया। ज्ञात हो कि अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह मुस्लिम समाज के लिए महत्वपूर्ण स्थल है और यहां पर मुस्लिम समाज के लोग जियारत करने एवं मन्नत मुराद मांगने जाया करते रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गुलफाम ने भी मुकेश मल्होत्रा के उप चुनाव में विजय होने के लिए मन्नत मांगी थी तो आज में मन्नत पूरी करने के लिए वह कराहल से रवाना हुआ। इस दौरान उन्होंने विधायक मुकेश मल्होत्रा को भरोसा दिलाया कि वे दरगाह पर हाजिरी देकर उनके लिए दुआ मांगेंगे।

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था अभियान विजयपुर क्षेत्र में लगातार चौथे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला प्रशासन सामाजिक न्याय श्योपुर व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित किया जा रहा गौरवपूर्ण वृद्धावस्था अभियान मंगलवार को अस्पताल चौराया विजयपुर से प्रारंभ हुआ,

अभियान प्रभारी बीके शशि बहन ने बताया कि प्रातः 11:00 गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के मंगलवार को प्रस्तावित यात्रा मार्ग का शुभारंभ अस्पताल चौराहा से हुआ

अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए डॉ अरविंद राजकीय अस्पताल विजयपुर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग विजयपुर के



प्रभारी अरुणा जादौन ने अभियान की सफलता के लिए अभियान यात्रियों को शुभकामना दी , तथा संबोधित करते हुए बताया कि यह अभियान सीनियर सिटीजन के प्रति सम्मान की भावना को परिवार व समाज में बढ़ाने के लिए चलाए जा रहा है, इसके साथ ही अभियान के रथ पर लगी हुई चित्र प्रदर्शनी की सराहना की तथा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए डॉक्टर अरविंद ने बताया कि निश्चित रूप से आम जन तथा युवाओं में यह आध्यात्मिक क्षेत्र प्रदर्शनी एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी

तत्पश्चात 500 मीटर तक अस्पताल चौराहा से चंदेरी मार्ग पर चल यात्रा निकाल कर अभियान को चंदेरी की तरफ रवाना किया गया, तथा चितैयापुरा छिमछिमा होते हुए अभियान बगवानी पहुंचा तथा जहां पर उपस्थित ग्रामीणों माता बहनों को बच्चों को मूल्य निष्ट प्रदर्शनी समझाई गई।

# स्कूल के बोर पर पार्वती जलावर्धन योजना वाले ठेकेदार ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वार्ड क्रमांक 11 में स्थित मंगल भवन में शासकीय स्कूल और दो आंगनबाड़ी केंद्र के लिए लगाया गया हैंड पंप में पार्वती जलावर्धन योजना वाले ठेकेदार ने निर्माण के लिए मोटर डाल ली है। जिससे स्कूल और आंगनवाड़ी पर पढ़ने आने वाले बच्चों को पीने के पानी का संकट आ गया है। इस समस्या को लेकर पार्षद सुमेर सिंह ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा से गुहार लगाई कि या तो बच्चों के लिए तत्काल नया हैंडपंप अथवा नल लगाया जाए या फिर बिना इजाजत के स्कूल के बोर में मोटर डालने वाले ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। उधर कलेक्टर ने अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 167 लोगों की फरियाद सुनी और मौके पर ही निराकरण किया।

पार्षद सुमेर सिंह ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताया कि मंगल भवन परिसर में स्कूल और आंगनबाड़ी भवन बने हुए हैं जहां पढ़ने आने वाले बच्चों के पानी पीने के लिए हैंड पंप लगाया हुआ है जिससे बच्चे अपनी प्यास बुझाते हैं लेकिन पार्वती जलावर्धन योजना के ठेकेदार ने ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए उक्त हैंड पंप को खोलकर उसमें मशीन डाल दी है जिससे वह पीने के पानी का उपयोग निर्माण कार्य में कर रहा है और बच्चों को पीने के पानी का संकट आ गया है पार्षद ने



तत्काल बच्चों के पीने के पानी की व्यवस्था कराने की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका के उप यंत्री पवन गर्ग से भी बच्चों को पेयजल आपूर्ति कराने के लिए बोला था लेकिन वह भी अनसुनी कर गए पार्षद ने कहा कि स्कूल और आंगनबाड़ियों में दलित बच्चे पढ़ने जाते हैं इसलिए उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है पीने के पानी उपलब्ध नहीं करा रहा है ऐसे दलित उत्पीड़न करने वाले ठेकेदार के खिलाफ या तो प्रशासन दंडात्मक कार्रवाई करे अन्यथा वह खुद आवेदन देकर एफआईआर कराएंगे। कलेक्टर ने इस मामले में सीएमओ आरआर यादव को निर्देशित किया है कि बच्चों को पीने के पानी की व्यवस्था तत्काल व्यस्था कराई जाए।

### जल सुनवाई में मतमेला पानी लेकर पहुंचे लोग

विगत कुछ दिनों से मंगलवार को जनसुनवाई के साथ-साथ जल सुनवाई भी हो रही है। नगरीय क्षेत्र के किसी एक वार्ड में हर मंगलवार को जल सुनवाई की जाती है इस क्रम में इस बार जल सुनवाई विकास नगर में की गई पोश कॉलोनी समझे जाने वाली इस बस्ती में लोग पीने के पानी की गई गंभीर समस्या लेकर जल सुनवाई में पहुंच गए लोगों का कहना है था कि पीने का पानी मटमेला आ रहा है इस पर सीएमओ आरआर यादव ने टीम भेज कर जांच करवाई तो एक जगह पाइपलाइन फूटी निकली और एक जगह नल कनेक्शन लीकेज था दोनों को ही दुरुस्त करने के निर्देश दिए साथ ही कई लोगों का पानी चेक भी किया गया जिसमें टीडीएस और पीच सही मात्रा में मिला।

निचले क्षेत्र में सरकारी तंत्र की उपेक्षा का दंश झेल रहे किसान

# सीप के दो रूप कहीं लबालब, तो कहीं नाली बनकर बह रही क्षेत्र की जीवनदायिनी नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों सीप नदी के दो रूप दिखाई पड रहे हैं एक और तो सर्दियों में भी सीप नदी बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर छलक रही है। वहीं बंजारा डैम से नीचे वाले क्षेत्र में कई जगह सीप नदी पूरी तरह सूखकर आम रास्ता तक बन गई है। सोंईकलां से मानपुर तक कई स्थानों पर सीप नाली की तरह बह रही है। अमूमन सर्दियों में सूख जाने वाली सीप इन दिनों बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर क्यों बह रही है तो इसका मुख्य कारण आवदा बांध से निकलने वाली नहर को माना जा रहा है जो करीब डेढ दर्जन गांवों की हजारों बीघा भूमि को सिंचित कर रही है इस नहर की टेल सीप नदी में आकर मिली है जिससे सीप का पानी बंजारा डैम से ओवरफ्लो अब भी छलक रहा है।

खेतों में सिंचाई के लिए



### कहां चल रहा है जलाभिषेक अभियान

बारिश का पानी सहेजने और के उद्देश्य से नदियों पर रपटे बनाने का काम जलाभिषेक अभियान में प्राथमिकता से लिया जाता रहा है अब इस अभियान को अमृतम योजना से जोडकर नया स्वरूप दिया गया है लेकिन प्रश्न यही उठता है कि आखिर नदियों में रपटे बनाने का काम इस मद से नही हो रहा है तो इस योजना का पैसा कहां लगाया जा रहा है। बंजारा डैम से मानपुर चंबल नदी में प्रवाहित होने तक सीप करीब 50 किमी का सफर तय करती है इस सफर में जहां जहां गड्डे बने हुए हैं वहां सीप भरी हुई है बाकी स्थानों पर सीप नदी सूखकर या तो नाला बन गई या ऐसा मैदान जहां खेती बाडी भी की जा सकती है। इन स्थानों पर जगह जगह स्टॉप डैम बना दिए जाएं तो सीप का अस्तित्व भी बचेगा और किसानों को खेती के लिए सिंचाई के संकट का समाधान भी हो जाएगा।



उपयोग होने वाले पानी की वजह से अमूमन सीप लबालब भरी रहती है। आवदा डैम से कमांड क्षेत्र में छोडे जाने वाला पानी टेलपोर्सन के बाद जिला मुख्यालय के समीप किला के पास सीप नदी में प्रवाहित होता है जिससे सीप में पानी का लेबल इन दिनों फुल रहता है सीप बंजारा डैम से छलक कर बह रही है। इसके इतर बंजारा डैम से नीचे वाले हिस्से में सीप अधिकतर क्षेत्र में इस तरह सूख गई जैसे वह कभी यहां अस्तित्व में ही नही हो। इससे सीप नदी किनारे के खेतों को भी भरपूर पानी सिंचाई के लिए मिल रहा है कुल मिलाकर बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बह रही सीप यहां के किसानों के लिए वरदान और बंजारा डैम से नीचे सूख चुकी सीप किनारे के खेतों वाले किसान अभिशाप झेल रहे है।

## खबर संक्षेप

### जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई में दबोचे जुआरी

**अशोकनगर।** जिले में पुलिस ने जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले के बहादुरपुर थाने की पुलिस ने ग्राम गीलारोपा में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए लालसिंह कटारिया, दलवीर सिंह कटारिया, दिनेश कटारिया, अमित कटारिया को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 1250 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं। जिले के देहात थाने की पुलिस ने ग्राम बांसाखेड़ी में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए शिशुपाल अहिरवार, राजपाल अहिरवार, प्राणंसिह और मलखान सिंह अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 3500 रूपए बरामद किए हैं। जिले की देहात थाने की पुलिस ने ग्राम बांसाखेडी में ही ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए परमाल, रामवीर, प्रदीप अहिरवार और राधेश्याम कोरी को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 2800 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई हैं।

### ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलाने पर केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने की पुलिस ने कुड़ीघाट के समीप गिर्राज शर्मा,मिथुन राजपूत और आकाश राजपूत को ऑन लाईन आइडी के माध्यम से क्रिकेट का सटटा खेलते हुए पाए जाने पर एक मोबाइल जप्त किया गया है।

### कमर पर पिस्टल लगाकर वीडियो वायरल करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने की पुलिस ने अनिल जाटव निवासी ग्राम पचबावड़ी को इंस्टाग्राम आईडी पर कमर मे पिस्टल लगाकर सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल किए जाने पर मामला दर्ज किया गया है।

शासन ने चौकी बनाई, जिले में संचालित नहीं, आखिरकार जिम्मेदार कब लेंगे सुध...?

# जिले में पुलिस की 11 चौकी घोषित, लेकिन बरखाना और देपालखेड़ी में पुलिस चौकी का अता पता भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में पुलिस विभाग की गतिविधियों को गंभीरता से संचालित किया जा सके, जिसे देखते हुए पुलिस महकमे ने अशोकनगर जिले में थानों के अलावा 11 पुलिस चैकी भी घोषित की रखी हैं। लेकिन जिले में दो पुलिस चैकी ऐसी भी है जो आज तक अस्तित्व में नहीं आ पाई हैं। शासन के रिकार्ड में यह पुलिस चैकी संचालित है लेकिन धरातल पर इस नाम की कोई पुलिस चैकी संचालित नहीं हैं। यहां न तो पुलिस चैकीयों के भवन हैं न कोई स्टाफ है और न ही किसी तरह की जानकारी लोगों को है।

अशोकनगर जिला मध्यप्रदेश के संवेदनशील जिलों में से एक है, यह संवेदनशील इस लिए है कि इस जिले की सीमाएं सबसे पहले उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले से लगती हैं, दो राज्यों को आपस में मिलाने वाला यह जिला है। अशोकनगर जिले की सीमा से लगे जिलों में सागर संभागीय मुख्यालय, पड़ौसी जिला गुना,शिवपुरी और विदिशा जिले शामिल हैं। इन जिलों को आपस में जोड़ने वाला अशोकनगर जिला है। इस जिले की उपयोगिता इसलिए भी और बढ़ गई है कि मुंगावली चन्देरी राजमार्ग से उत्तरप्रदेश के लखनऊ, कानपुर शहरों से जहां यातायात आता है वहीं भोपाल, सागर, जबलपुर इलाकों को यातायात भी कानपुर और लखनऊ के लि जाता है। इस कारण वाहनों के आवागमन के साथ क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां भी धीरे धीरे पैर पसार रही हैं।

### पुलिस चौकी की घोषणाए राजनेताओं द्वारा की गई थीं

इन्ही गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों की मांग पर शासन ने जिले में कानूनी व्यवस्था को लेकर पुलिस चैकी घोषित की थीं जिनमें नईसरायं थाने के अंतर्गत देपालपुर और मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बरखाना में पुलिस चैकी घोषित की गई थी। बरखाना में पुलिस चैकी की घोषणा मुख्यमंत्री के पद पर रहे शिवराज सिंह चैहान द्वारा की गई थी। तब से लेकर आज तक यह कागजों पर चल रही है लेकिन मौके पर आकार नहीं ले पाई हैं। इन दोनों पुलिस चैकीयों के अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण नागरिकों को अभी तक इस बात का पता नही है कि शासन ने उनके यहां पुलिस चैकी स्थापित करने की घोषणा करके रखी है। लेकिन कौन पुलिस चैकी खुलवाएगा, किसकी जिम्मेदारी है, इससे जनप्रतिनिधि भी अनविघ्य हैं और यही कारण है कि इन दोनों ही स्थानों पर यह पुलिस चैकीयां आज तक स्थापित नहीं हो पाई हैं।




### जिले में एक पुलिस चौकी पर नहीं है अपना भवन

जिले में एक नजर इन पुलिस चैकीयों पर डाले तों 9 पुलिस चैकीयों पर बंगला चैराहा पर स्थित पुलिस चैकी ऐसी है जिसका अपना कोई भवन नहीं है यह एक किराए के मकान में चल रही है। शेष 8 पुलिस चैकीयों में सारसखेडी, महौली, राजघाट, विक्रमपुर, थूवोनजी, मल्हारगढ, भादौन, और राजपुर शामिल हैं। महौली में भी अलग से पुलिस चैकी का भवन नहीं है।

### करीला धाम को पुलिस चौकी की जरूरत

शासन और जनप्रतिनिधियों को कौन समझाए कि कहां पर पुलिस चैकी की जरूरत है, जहां जरूरत है वहां मांगते मांगते लोग थक गए हैं जिनमें पहले नम्बर पर करीला धाम हैं जहां मेले में 20 लाख श्रद्धालु पहुंचते हैं और इतने ही श्रद्धालु पूरे वर्ष भर करीला धाम पर आते हैं। यहां वाहन चोरी होना, आम आदमी के साथ घटनाएं हो जाना सामान्य बात है। लेकिन पुलिस चैकी नहीं है। जनसुरक्षा की जिम्मेदारी यहां होनी चाहिए लेकिन कोई इंतजाम नहीं हैं। लोग मजबूरी में या तो मामला दर्ज नहीं कराते या तो कराते है तो बहादुरपुर जाना पड़ता है। यह वह पवित्र स्थान है जहां जानकी माता ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के परित्याग के बाद सीता मैया ने अपने जीवन का शेष समय यहीं पर व्यतीत किया था। इस धाम पर दो बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव और दो ही बार मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चैहान आ चुके हैं लेकिन आज तक पुलिस चैकी की घोषणा नहीं कर पाए। लोगों की धारना है कि इस बार मुख्यमंत्री आएगें और पुलिस चैकी की घोषणा करके जाएगें।



### अशोकनगर शहर पुलिस चौकी विहीन

जिला मुख्यालय का शहर अशोकनगर पुलिस चैकी को तरस रहा है, यहां शहर दो भागों में बटां है शहर का एक भाग बड़ी आवादी वाला हिस्सा है। जहां सारे व्यापार के काम काज चलते हैं, यही से मंडी का रास्ता जाता है लेकिन यहां अगर कोई अपराध हो जाए तो पुलिस थाने तक पहुंचते पहुंचते अपराधी नदारद हो जाते हैं। सिटी कोतवाली और देहात थाना जिला मुख्यालय पर हैं लेकिन वह दोनों ही रेलवे लाईन के दूसरी ओर हैं। बढ़ती आवादी, फैलता जिला, विस्तार की दौड़ में आगे बढते नगर को सुरक्षा और कानून की दृष्टि से इस भीड़ भाड़ वाले व्यापारिक इलाके में पुलिस चैकी की जरूरत है। अगर पुराने थाने भवन में पुलिस चैकी की स्थापना की जाए तो लोगों को तात्कालिक रूप से पुलिस की मदद मिल सकेगी और कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होगी।

### नईसरायं के नए थाना भवन को उद्घाटन का इंतजार, कदवाया में नए भवन की जरूरत

जिले में अब थानों की बात करें तो जो नईसरायं का थाना है यह बहुत पुराने थानों में से एक है अभी तक यह थाना सरायं के भवन में लगता आ रहा था। अब थाने का अपना नया भवन बन गया है लेकिन भवन के लोकार्पण का इंतजार है। कदवाया में नए थाने के भवन को लेकर जमीन का आवंटन हो गया है लेकिन अभी भवन नहीं बना है। सेहराई में पहले पुलिस चैकी संचालित होती थी उसी भवन को थाने का रूप दिया गया है। सेहराई में भी अलग से नए भवन की जरूरत है। मुंगावली में पहले थाना पुराने भवन में लगता था अब यह थाना नए भवन में स्थानांतरित हो गया है, लेकिन जनता की मांग है कि थाना पुराने भवन में ही लाया जाए, लेकिन न अधिकारियों ने सुनवाई की न जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया जिसके कारण आज तक थाना पुराने भवन में नही आ पाया है, नए भवन से ही थाने का संचालन हो रहा है।

### प्रयास करेगा विभाग

जिले में कुछ और नई पुलिस चौकीयों की जरूरत है, करीला धाम में प्राथमिकता से पुलिस चौकी की मांग पहले भी होती रही है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हमारे भी प्रयास हैं। इसी प्रकार अशोकनगर शहर में भी आधे क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से इंतजाम नही है, शहर में पुलिस चैकी स्थापित हो, जनता की मांग को पूरी करने के प्रयास पुलिस विभाग करेगा।

**गजेन्द्र सिंह कंवर**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर।

मंगलवार को हुआ कक्षा 12वीं का गणित का पेपर, चार विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

# बीना ब्लॉक के 8 केंद्रों पर 1537 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई है, पहला पेपर कक्षा बारहवीं के अंग्रेजी पेपर का हुआ। जिसमें 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 1537 बच्चों ने परीक्षा दी। वहीं खुरई ब्लॉक में 10 केंद्रों में कुल 1554 परीक्षार्थी में से 1547 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 7 विद्यार्थी अनुपस्थिति रहे। परीक्षा केंद्र निगरानी के लिए उड़नदस्ता दलों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

टीमों को किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी नकल प्रकरण नहीं मिला। बीईओ नीतेश दुबे ने बताया कि मंगलवार को कक्षा 12 वीं का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का हुआ। ब्लॉक में 8 परीक्षा केंद्रों पर कुल 1541 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिसमें से 1537 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 4 छात्र अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित परीक्षार्थियों में मॉडल स्कूल से 2 परीक्षार्थी, कन्या शाला से एक एवं मंडी बामोरा से एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।



परीक्षा केंद्र से पेपर देकर निकले परीक्षार्थी ने बताया पेपर थोड़ा बहुत कठिन था, लेकिन पढ़ने वालों के लिए सरल था।

तिमाही और छमाही परीक्षा में जो आया था उसमें से कुछ प्रश्न जरूर आए हैं। वही कुछ परीक्षार्थी ने बताया कि जो हम लोगों को पढ़ाया गया था ज्यादातर उसी में से आया था। बीईओ दुबे ने बताया परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए 2 उड़नदस्ता दलों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। तहसीलदार डॉ अंबर पंथी के दल ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का निरीक्षण किया।

वहीं पीडब्लूडी एई एवं बीईओ के दल ने कन्या स्कूल, मॉडल स्कूल एवं देयरी स्कूल का निरीक्षण किया। हालांकि किसी परीक्षा केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं बना है।

अव्यवस्थाओं के बीच कैसे होगा नौनिहालों की शिक्षा और शारीरिक विकास?

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर न पानी है न शौचालय और बिजली भी गुल

**ईसागढ़।** जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से कार्यकर्ताओं द्वारा किराए के भवनों या स्वयं के निवास पर केंद्र संचालित करने को विवश आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं। जहां 750 रूपये प्रतिमाह किराए में कहां से मिलेंगी बिजली पानी और शौचालय की व्यवस्था ।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिला बाल विकास परियोजना विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति तो की जा रही है लेकिन उनके लिए आंगनवाड़ी भवनों को लेकर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्र अव्यवस्थाओं के बीच चल रहे हैं जहां बच्चों और महिलाओं को शौचालय, पानी और बिजली की कोई व्यवस्था नहीं ऐसे में छोटे छोटे बच्चों को कैसे शिक्षा मिले जहां खेलने को पर्याप्त मैदान नहीं जो भवन शासन द्वारा बनाए गए है उनमें भी लापरवाही देखने मिल रही है ठेकदारों द्वारा घटिया निर्माण किए गए और उनको कार्यकर्ताओं को सुपुर्द कर दिए जहां बाउंड्री फर्श भी सही निर्माण नहीं हुआ भवन में शौचालय का गड्ढा ही नहीं और जिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के पास भवन नहीं है वो किराए के घरों में केन्द्र संचालित कर रही है या फिर स्वयं के घर पर ऐसे में उनको विभाग द्वारा मात्र 750 रुपए मिलते है वो भी समय पर नहीं ऐसे में केन्द्र पर कोई सामान भी नहीं रख पाती है और न ही खिलौने। ग्रामीण क्षेत्र में तो विद्यालय और पंचायत के अतिरिक्त कक्ष में केन्द्र लग रहे है लेकिन नगर में संचालित केंद्र जिन पर भवन के लिए किसी का ध्यान नहीं शासन प्रशासन द्वारा नगर में नगर परिषद द्वारा जगह चिन्हित कराई जाए और आंगनवाड़ी केन्द्र बनाए जाने के लिए राशि आवंटित की जाए जिससे ग्राम में 10 लाख रुपए से निर्मित हो रहे आंगनवाड़ी केन्द्र की तरह नगर में भी इस प्रकार के केन्द्र बने जिससे उचित व्यवस्थाओं के बीच नौनिहालों का भविष्य बन सके उसके लिए समाजसेवी संस्थाएं भी अपना योगदान देकर आंगनवाड़ी केन्द्र को गोद ले और उनकी व्यवस्थाओं का जायजा समय समय पर लेकर विभाग को अपनी रिपोर्ट दे तभी होगा आंगनवाड़ी केन्द्रों का विकास।




श्रीशिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ कथा के छठवें दिन कर्म गाथा के बारे में बताया

# राजयोग ध्यान से कर्मों को बना सकते हैं शुद्धः राजयोगिनी बीके नीलम दीदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित श्रीशिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ कथा के छठें दिन कथावाचक राजयोगिनी बीके नीलम दीदी ने कर्म गाथा का आध्यात्मिक महत्व बताया। उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव ज्ञान के माध्यम से हमें सही कर्म करने की प्रेरणा देने वाले हैं। राजयोग ध्यान के द्वारा आत्मा अपने कर्मों की समीक्षा कर उन्हें शुद्ध बना सकती है। यही आत्म परिवर्तन नरक जैसी स्थिति को स्वर्गमय जीवन में परिवर्तित कर सकता है। भगवान शिव कर्मों के बंधन में नहीं हैं। वे कर्मबंधन से परे, सुख-दुख से न्यारे, अजन्मा, अभोक्ता, साक्षी, करुणामूर्ति और मुक्तिदाता हैं। वे आत्माओं को ज्ञान का मार्ग प्रदान करते हैं, जिससे मनुष्य अपने कर्मों को शुद्ध कर सकता है। शिव के ध्यान से व्यक्ति अपने भीतर परिवर्तन लाकर कर्मबंधन को हल्का कर सकता है। उन्होंने कहा कि कर्म गाथा का अर्थ है आत्मा की वह सतत यात्रा, जो उसके किए हुए कर्मों के अनुसार फल प्रदान करती है। यह गाथा केवल एक जन्म तक सीमित नहीं, बल्कि अनेक जन्मों तक चलने वाली प्रक्रिया है। शिव महापुराण में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक विचार, वचन और कर्म एक बीज के समान है। जैसा बीज बोया जाता है, वैसा ही फल प्राप्त होता है। यदि मनुष्य शुभ, सात्विक और धर्मयुक्त कर्म करता है, तो उसे सुख, शांति और समृद्धि का फल मिलता है। विपरीत रूप से, अधर्म, हिंसा, छल, कपट और अहंकार से किए गए कर्म दुःख और अशांति का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि कर्म के तीन प्रकार हैं- पहला है संचित कर्म, दूसरा है प्रारब्ध कर्म, तीसरे है आगामी कर्म। संचित कर्म से तात्पर्य है अनेक जन्मों से संचित कर्मों का भंडार। ऐसे कर्मों का फल हमें इस जन्म में मिलता है। प्रारब्ध कर्म वह कर्म हैं जो वर्तमान जन्म में फलित हो रहे हैं। क्रियमाण (आगामी) कर्म जो कर्म हम वर्तमान में कर रहे हैं और जो भविष्य का प्रारब्ध बनेंगे।

**साधना से संचित कर्मों के प्रभाव को शुद्ध कर सकते हैं-** उन्होंने कहा कि शिव महापुराण में कहा गया है कि मनुष्य अपने वर्तमान सत्कर्मों और साधना से संचित कर्मों के प्रभाव को शुद्ध कर सकता है। ग्रंथों में वर्णित स्वर्ग और नर्क केवल स्थान नहीं, बल्कि कर्मों की अवस्थाएं भी हैं। जब आत्मा शुभ कर्मों के प्रभाव में होती है, तो उसका जीवन सुखमय और शांतिमय होता है यह स्वर्गीय अवस्था है। जब आत्मा पाप कर्मों के परिणामस्वरूप मानसिक पीड़ा और अशांति का अनुभव करती है, वही नर्क की अनुभूति है। सेवाकेंद्र संचालिका बीके जानकी दीदी ने बताया कि समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देहला निवासी भूरा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुनेश, कल्ला और चेनू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुधाया निवासी रघुवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकिशन, अब्बू, और मुकेश केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुधाया निवासी रामकृष्ण रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी बृजकिशोर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बली सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बली सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजकिशोर यादव और जन्डेल सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।